# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2025-26 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VI | SUBJECT- HINDI (2nd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: - 25/09/25 | SET-2 | TIME-2/30 HOURS |

***General Instructions-***

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **19** questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of **06** printed pages.*

---

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न-1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** *7*

ओणम केरल का प्रसिद्ध त्योहार है, जिसे हर साल अगस्त या सितंबर में मनाया जाता है। यह पर्व राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाता है, जो एक न्यायप्रिय और दयालु शासक थे। कहा जाता है कि उनके शासन में कोई दुखी नहीं था। देवताओं ने उनकी लोकप्रियता से चिंतित होकर भगवान विष्णु से सहायता माँगी। भगवान विष्णु ने वामन रूप में आकर महाबली से तीन पग भूमि माँगी। राजा ने सहर्ष भूमि दे दी। तीसरे पग में वामन ने उन्हें पाताल लोक भेज दिया, लेकिन उन्हें यह वर मिला कि वे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने आ सकें। तभी से ओणम मनाया जाता है। ओणम दस दिनों तक मनाया जाता है। लोग घरों की सफाई करते हैं, फूलों की रंगोली बनाते हैं जिसे 'पुक्कलम' कहते हैं। पारंपरिक भोजन 'ओणमसद्या' में कई प्रकार के व्यंजन होते हैं। नौका दौड़, कथकली नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पर्व की शोभा बढ़ाते हैं। यह पर्व केरल की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

1. ओणम किस राज्य का त्योहार है?
   *तमिलनाडु *केरल *कर्नाटक *गोवा

2. ओणम किस राजा की याद में मनाया जाता है?
   *अशोक *विक्रमादित्य *हर्षवर्धन *महाबली

3. भगवान विष्णु ने किस रूप में अवतार लिया?
   *राम *कृष्ण *वामन *नरसिंह

4. **'पुक्कलम'** क्या है?
   *नृत्य *भोजन *रंगोली *गीत

5. ओणमसद्या क्या है?
   *विरासत *पारंपरिक भोजन *पूजा विधि *रंगोली

6. राजा महाबली को कहाँ भेजा गया था?
   *स्वर्ग *पृथ्वी *पाताल लोक *कैलाश

7. ओणम किस भावना का प्रतीक है?
   *युद्ध *एकता और संस्कृति *शिक्षा *व्यापार

**प्रश्न-2- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 7

माँ शब्द सुनते ही मन में एक विशेष भाव जागता है। माँ केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक भावना है– त्याग, प्रेम, सुरक्षा और ममता की प्रतीक। बचपन से लेकर जीवन के हर मोड़ पर माँ हमारे साथ होती है। जब हम छोटे होते हैं, तो माँ हमारी हर ज़रूरत का ध्यान रखती है– भोजन, कपड़े, पढ़ाई और स्वास्थ्य। वह बिना थके दिन-रात हमारे लिए काम करती है, लेकिन कभी शिकायत नहीं करती। माँ का प्यार निःस्वार्थ होता है। वह अपने बच्चों की खुशी में ही अपनी खुशी ढूँढती है। माँ ही वह व्यक्ति है जो हमें सही और गलत का फर्क सिखाती है, जीवन के मूल्यों से परिचित कराती है। जब हम दुखी होते हैं, तो माँ की गोद सबसे सुकून देने वाली जगह होती है। उसकी एक मुस्कान हमारे सारे दर्द दूर कर देती है। समय के साथ हम बड़े हो जाते हैं, लेकिन माँ का प्यार कभी नहीं बदलता। वह हमेशा हमारे लिए चिंतित रहती है, चाहे हम कितनी भी दूर क्यों न हों। माँ का स्थान जीवन में कोई नहीं ले सकता। वह हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जो हमें बोलना, चलना और जीना सिखाती है। माँ का महत्व शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। वह एक ऐसा रिश्ता है जो हर इंसान के जीवन को अर्थ देता है।

1. माँ किस भावना की प्रतीक है?
   *क्रोध *ममता *ईर्ष्या *घृणा

2. माँ बच्चों की खुशी में क्या ढूँढती है?
   *दुख *आराम *अपनी खुशी *थकान

3. माँ का प्यार कैसा होता है?
   *स्वार्थी *सीमित *निःस्वार्थ *कठोर

4. माँ जीवन में क्या सिखाती है?
   *राजनीति *खेल *व्यापार * मूल्यों की पहचान

5. माँ की गोद कैसी होती है?
   *असहज * सुकून देने वाली *डरावनी *शोरगुल वाली

6. माँ जीवन की पहली क्या होती है?
   *सहेली *गुरु *पड़ोसी *डॉक्टर

7. माँ का महत्व किसमें बाँधा नहीं जा सकता?
   *शब्दों में *गीतों में *कहानियों में *चित्रों में

## खंड–ख (व्याकरण)

प्रश्न-3- किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- एक , धर्म , गुण , हिंसा 2

प्रश्न-4- किन्हीं दो शब्दों के लिंग बदलिए- मौसा , नौकर , राजा , छात्र 2

प्रश्न-5- किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- धरती , किनारा , दिन , अंबर 2

प्रश्न-6- किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए- अ , सु , अन , आ 2

प्रश्न-7- किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए- कार , वाला , ता , वान 2

प्रश्न-8- किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए- मानव , अपना , दोस्त , गरम 2

प्रश्न-9- किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए| 2

1- जो कभी न मरे
2- परिश्रम करनेवाला
3- जिसका अंत न हो
4- जिसका कोई कारण न हो

प्रश्न-10- किन्हीं दो मुहावरों के वाक्य बनाकर लिखिए| 2

1- आँखों में धूल झोंकना
2- गले का हार
3- हवा से बातें करना
4- आसमान सिर पर उठाना

प्रश्न-11- दिए गए वाक्यों में कारक (Case) चिह्न रेखांकित (underline) कीजिएl 2

1- नदी में आम गिर गया है।
2- सोफे पर मत कूदो l
3- मीना ने गृहकार्य कर लिया है।
4- पेड़ से फल गिर रहे हैं।

प्रश्न-12- दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित (underline) कीजिए 2

1- विद्यालय के सामने विशाल पेड़ है।
2- कपड़े की लंबाई पाँच मीटर है।
3- माता जी ने लाल साड़ी पहनी है।
4- मुझे तीन किलो आटा चाहिए।

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न-13- दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 5

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अँगड़ाई।

धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि-सी,
हरी दूब पुलकी-मुसकाई।
पहली बूँद धरा पर आई॥

1. **"पहली बूँद"** कविता के लेखक कौन हैं?
   *सुभद्रा कुमारी चौहान    *गोपालकृष्ण कौल
   *रामधारी सिंह दिनकर    *हरिवंश राय बच्चन

2. पहली बूँद कब धरती पर आई?
   *प्रथम दिवस पर    *प्रथम साल पर
   *प्रथम जन्म पर    *प्रथम सरदी पर

3. पहली बूँद धरती पर गिरने से अंकुर को क्या मिला?
   *नव-धरती    *नव-जीवन    *नव-वातवरण    *नव-वर्ष

4. धरती के सूखे अधरों पर पहली बूँद कैसी लग रही है?
   *ओस की बूँद-सी    *समुद्र की लहर--सी
   *अमृत--सी    *आँसू से भरी—सी

5. वर्षा ऋतु में हरी दूब कैसे धरती पर मुसकाई?
   *जब पहली बूँद आई    *जब पहली नींद आई
   *जब पहली सरदी आई    *जब पहली आई

**प्रश्न-14- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 5

मेरा जन्म सन् 1904 में प्रयाग में एक साधारण परिवार में हुआ। बाद में हम झाँसी आकर बस गए। 16 साल की उम्र में मैं 'फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट' में एक साधारण सिपाही के रूप में भर्ती हो गया। मेरी रेजिमेंट का हॉकी खेल में काफी नाम था। पर खेल में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी। उस समय हमारी रेजिमेंट के सूबेदार मेजर तिवारी थे। वे बार-बार मुझे हॉकी खेलने के लिए कहते। हमारी छावनी में हॉकी खेलने का कोई निश्चित समय नहीं था। सैनिक जब चाहे मैदान में पहुँच जाते और अभ्यास शुरू कर देते। उस समय तक मैं एक नौसिखिया खिलाड़ी था।

1. मेजर ध्यानचंद का जन्म किस सन् में हुआ?
   *1904    *1905    *1906    *1907

2. मेजर ध्यानचंद की किसमें दिलचस्पी नहीं थी?
   *नौकरी करने में    *सिपाही बनाने में
   *खेल खेलने में    *फुटबॉल खेलने में

3. मेजर ध्यानचंद 16 साल की उम्र में सिपाही के रूप कहाँ भर्ती थे?

*‘फर्स्ट स्कूल में’ *‘फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट’

*‘फर्स्ट रेजिमेंट’ *‘फर्स्ट जल सेना मई’

4. ध्यानचंद की रेजिमेंट के सूबेदार मेजर कौन थे?

*मेजर तिवारी *मेजर त्रिपाठी

*मेजर रविदास *मेजर गुप्ता

5. प्रारंभ में ध्यानचंद कैसे खिलाड़ी थे?

*अवल *कुशल *जोशीला *नौसिखिया

**प्रश्न-15- सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** 1x8 = 8

1. हमारा तन-मन कौन सँवारती हैं?
2. झरने कहाँ से झरते हैं?
3. हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?
4. बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था?
5. खड्गसिंह कौन था?
6. ग्रीष्म ऋतु के बाद कौन-सी ऋतु आती है?
7. कविता **'जलाते चलो'** के कवि का नाम क्या है?
8. कवि किस प्रकार के दीप जलाने की बात करते हैं?

**प्रश्न-16- किन्हीं छह (six) प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** 6 × 2 = 12

1. श्री कृष्ण ने क्या सुनाया था?
2. **‘गौतम बुद्ध’** ने किसका यश बढ़ाया था?
3. बाबा भारती कहाँ रहते थे और वह वहाँ क्या करते थे?
4. बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से कौन-सा वचन लिया?
5. यह दुनिया कैसे सुंदर बन जाएगी?
6. ध्यानचंद ने अपनी चोट का बदला कैसे लिया?
7. अंधकार की नदी को कैसे पार किया जा सकता है?
8. **'जलाते चलो'** कविता आपको कैसे प्रेरित करती है?

**प्रश्न-17- किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए।** 2 × 3 = 6

1. कवि ने भारत को **‘युद्ध भूमि मेरी’** क्यों कहा है?
2. बाबा भारती घोड़े की किस प्रकार सेवा करते थे?
3. पाठ का नाम **‘गोल’** क्यों रखा गया है?
4. वर्षा की पहली बूँद से धरती की प्रसन्नता किस प्रकार प्रकट होती है?

## खण्ड- घ (रचनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न-18- किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए|** 5

1. गर्मी का मौसम ,
2. मेरा प्रिय फल ,
3. पेड़ों के लाभ,
4. पिकनिक

**प्रश्न-19- दिए गए चित्र का वर्णन 40-50 शब्दों में कीजिए|** 5



☺☺☺☺☺